# पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. –9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 321/2024

## प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 15.10.20243

हेमराज मीना, पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़ के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु दिनांक- 15.10.2024 को आजमगढ़ पुलिस द्वारा निम्न कार्यवाहियां की गयी है-

### प्रेस नोट

### मिशन शक्ति फेज 5.0 को सफल बनाने में सराहनीय कार्य करने वाली महिला बीट पुलिसकर्मियों को किया गया सम्मानित

**माननीय मुख्यमंत्री जी उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदेश स्तर पर शारदीय नवरात्रि दिनांक- 15.10.2024 से महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु पूर्व अभियानों की भाँति एक व्यापक कार्ययोजना तैयार कर अन्तर्विभागीय समन्वय स्थापित करते हुए मिशन शक्ति (फेज-5) का 90 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है।**

आज दिनांक 15.10.2024 को उक्त के सम्बन्ध में जनपद स्तर से मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों के सम्बन्ध में जनपद आजमगढ़ में नियुक्त 06 महिला बीट पुलिसकर्मियों/अधिकारियों जिनके नाम क्रमश: 01 म0उ0नि0 प्रशिक्षु कविता कुमारी, थाना सरायमीर, 02.म0उ0नि0 प्रशिक्षु पूनम विश्वकर्मा, थाना रौनापार, 03. प्र0उ0नि0 स्मिता गुप्ता, थाना कोतवाली, 04. म0उ0नि0 आकांक्षा पाण्डेय, थाना देवगांव, 05. म0आ0 कल्पना निर्मल, थाना पवई, 06. म0आ0 शिरीना बानो, महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन पुलिस, के द्वारा सराहनीय कार्य करने के लिए मिशन शक्ति फेज 5.0 को सफल बनाने हेतु ज्वांइट मजिस्ट्रेट, मुख्य विकास अधिकारी (CDO), व अन्य अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया है तथा जनपद में नियुक्त समस्त पुलिसकर्मियो/अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर मिशन शक्ति फेज-5 को सफल बनाया जा रहा है।